**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**
-------

**<u>राज्यपाल सहित अन्य विशिष्टजनों ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति की अगुवानी की</u>**
**<u>राजभवन में गर्मजोशी से हुआ राष्ट्रपति का स्वागत</u>**

लखनऊः 24 फरवरी, 2019

माननीय राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द का आज चैधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर राज्यपाल श्री राम नाईक, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री डाॅ0 दिनेश शर्मा, राज्यमंत्री श्री मोहसिन रज़ा सहित अन्य विशिष्टजनों ने स्वागत किया। हवाई अड्डे से राजभवन आगमन पर राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द का स्वागत राज्यपाल श्री राम नाईक ने पुष्प गुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से किया। राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द से राजभवन में विभिन्न प्रतिनिधि मण्डल और व्यक्तियों ने भी शिष्टाचारिक भेंट की।
उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द ने लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल ‘अपोला मेडिक्स’ का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति आज राजभवन में रात्रि प्रवास करेंगे। राष्ट्रपति कल कानपुर में आयोजित तीन कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने हेतु सुबह कानपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (72/35)





